# दो दिनों में ही बदलने लगी शहर की सूरत

## मुख्यमार्गों से सालों पुराने को अतिक्रमण हटाया गया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिका निगम के अमले ने दूसरे दिन गुरूवार को भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यह अभियान शहर के मुख्य मार्गों पर चलाया गया, जिसकी शुरुआत मानसरोवर बस स्टैंड से की गई, इसके बाद निगम का दस्ता रेलवे स्टेशन मार्ग की ओर बढ़ाए जहां सालों से कब्जा जमाए अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस पेट्रोल पंप के सामने किए गए अतिक्रमण को पूरी तरह से ध्वस्त किया। निगम ने पहले ही मुनादी कर दी थी ताकि अतिक्रमणकारी खुद अपने अस्थायी और स्थायी ढांचों को हटा लें और नुकसान से बच सकें। लेकिन चेतावनी के बावजूद अतिक्रमणकारियों ने कोई पहल नहीं की, जिसके बाद निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलाया और अतिक्रमण हटाते हुए सामान जब्त किया। कार्रवाई को लेकर कमिश्नर सी.पी. राय ने कहा कि हम इस प्रकार की व्यवस्था बना रहे हैं कि अतिक्रमण हटने के बाद दोबारा अतिक्रमण न हो। हमारा मुख्य फोकस वर्तमान में मुख्य मार्ग का अतिक्रमण हटाने को लेकर है, इसके बाद गली मोहल्लों में कार्रवाई की जाएगी। गुरूवार को हुई कार्रवाई में 15 हजार स्क्वायर फीट से अधिक जगह से अतिक्रमण हटाया गया। अब इस जगह पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों का सामना करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मांगा गया था। वहीं नगर निगम के कर्मचारी दुकानदारों को समझाईश देकर अतिक्रमण हटाते दिखे। कई बार विवाद की स्थिति भी बनी लेकिन निगम आयुक्त ने खुद मामले को संज्ञान में लेकर समझाईश और अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान थाना प्रभारी भी नदारद रहे, और सी.एस.पी. भी गाड़ी से चक्कर लगाते ही नजर आए।

कार्रवाई के दौरान दुकानों के सामने रखकर जगह घेरते हुए हजारों के पाइप भी जब्त हुए। मानसरोवर कांप्लेक्स में हुई कार्रवाई के दौरान पार्किंग क्षेत्र में बनाए गए स्थाई अतिक्रमण को लेकर निगम आयुक्त सी.पी. राय ने मानसरोवर समिति को 15 दिन का समय दिया है । उन्होंने स्पष्ट कहा कि समिति अगर इस अवधि में स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाती तो निगम सख्त कार्रवाई करेगा। इस संबंध में सभी दुकानदारों को नोटिस भी जारी किए जाएंगे।

नगर निगम ने 4 जून से शहर भर में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है, जो आगामी 14 जून तक चलेगा। इस दौरान शहर के व्यस्ततम मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने की योजना है, जिससे यातायात और नागरिकों की सुविधा में सुधार हो सके।

छाया- शेख अल्फाज

# आस्था शुक्ला को अंग्रेजी साहित्य में मिली पीएचडी की उपाधि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा की अर्थशास्त्र की प्रो. बिन्दु शुक्ला व कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय चौरई के इतिहास के विभागाध्यक्ष प्रो. यू.के. शुक्ला की पुत्री आस्था शुक्ला को सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय रायसेन ने अंग्रेजी साहित्य में पी.एच.डी. की डिग्री प्रदान की है।



आस्था शुक्ला ने अपना शोध प्रबंध डॉ. नवीन कुमार मेहता, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, डीन एकेडमिक्स के निर्देशन में बाल गंगाधर तिलक के गीता भाष्य और अंग्रेजी कवि टी.एस. एलियट की मशहूर काव्यकृति वेस्टलैंड में संशोधन की आवाजें विषय पर तैयार किया है। विदित हो कि आस्था शुक्ला ने अपने अद्वितीय शोध प्रबंध के लिए अपने शोध मार्गदर्शक प्रो. मेहता के साथ अपने पूर्व के शिक्षण संस्थान तथा केंद्रीय विद्यालय छिंदवाड़ा, एक्सीलेंस कालेज भोपाल और डॉक्टर हरी सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के शिक्षकों द्वारा दी गई अकादमिक अभिप्रेरणा के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि आस्था शुक्ला ने पूर्वी लेखक की कृति के समानांतर एक पश्चिमी कवि की कृति को रखकर जो मौलिक शोधपरक विश्लेषण किया है, वह भविष्य के अंग्रेजी के शोधकर्ताओं के लिए मार्गदर्शी साबित होगा। आस्था शुक्ला के शोध प्रबंध को और अधिक रचनात्मक बनाने में स्थानीय स्तर जिन प्राध्यापकों ने सहयोग किया है उनमें प्रो. राजेंद्र मिश्रा, प्रो. अमर सिंह, प्रो. तृप्ति मिश्रा एवं प्रो. दीप्ति जैन प्रमुख हैं। आस्था शुक्ला की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए आस्था शुक्ला के पति अर्जित दुबे न्यायाधीश, भाई अर्चित शुक्ला, पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा प्राचार्य प्रो. वाय.के. शर्मा के साथ छिंदवाड़ा एवं चौरई के समस्त महाविद्यालय परिवार ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### सार-समाचार

## वैज्ञानिकों ने किसानों से किया संवाद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के चौरई विकासखंड की ग्राम पंचायत धनौरा में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित उर्वरकों एवं खाद के प्रयोग के लिए जागरुक किया जा गया साथ किसानों के खेत जाकर किस प्रकार मिट्टी के नमूने लेते है कि जानकार किसानों को दी गई। तथा किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किए गए नवाचार अनुसंधान की दिशा का निर्धारण किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत साजपानी एवं बांकनागनपुर में उन्नतशील कृषकों द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलों का नवाचार किया जा रहा है जो कि जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत है। किसानों के द्वारा अपने खेतों में नई-नई फसलों का समावेश किया जा रहा है जैसे मक्का, सोयाबीन, मूंग, उड़द, गन्ना, एनेपियर घास आदि। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा की उपस्थिति रही साथ ही विकसित कृषि संकल्प अभियान की भूरि-भूरि सराहना करते हुए किसानों को मार्गदर्शन दिया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत पशु पालन विभाग से जिले के नोडल अधिकारी डॉक्टर एच.जी.एस. पक्षवार के नेतृत्व में कृषकों को पशुपालन विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी दी गई और पशुओं में लगने वाले विभिन्न रोग एवं बीमारियों के उपचार की विधि बताई गई।

इसी तारतम्य में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र से टीम अधिकारी डॉ. सरिता सिंह (वैज्ञानिक) द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु वैज्ञानिक पद्धति की जानकारी दी गई एवं साथ ही मुख्य रूप से



उपयोगी घटकों के विषय में बताया गया जैसे कि बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमस्त्र आदि की जानकारी कृषक भाइयों एवं बहनों को विस्तृत रूप से बताई गई।

कृषि विज्ञान केंद्र से ही सुंदरलाल अलावा द्वारा खरीफ मौसम में लगने वाली फसलों की जानकारी दी गई एवं उन्नतशील किस्मों का किस प्रकार चयन किया जा सकता है मिट्टी की उर्वरता कैसे होनी चाहिए किस समय सिंचाई उर्वरक एवं दवाइयां का प्रयोग किया जाना चाहिए इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कृषि विभाग से उमेश पाटील द्वारा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग से ही ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर श्रीमती कल्पना उईके के द्वारा प्राकृतिक खेती के नवाचार हेतु किस प्रकार से क्लस्टर बनाए जा रहे हैं इस विषय की जानकारी किसानों को दी गई।

उद्यानिकी विभाग से ओम सोनी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों के बीच साझा की गई जैसे कि माइक्रो इरिगेशन, स्प्रिंकलर, कोल्ड स्टोरेज आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी कृषक भाइयों एवं बहनों की उपस्थिति रही।

## जमीन का सीमांकन करने एवं फील्ड बुक बनाने के लिए आर आई ने मांगी 25 हजार की रिश्वत

**परासिया, देशबन्धु।** तहसील कार्यालय के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी बगैर राशि लिए भू-स्वामियों का काम नहीं करते हैं। लंबे समय से लगातार कई शिकायतें मिल रही हैं। मंगलवार को अंबाडा के एक भू-स्वामी ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को राजस्व निरीक्षक की शिकायत की, जिसमें भू-स्वामी मोहम्मद जिब्राइल पिता मोहम्मद छैला ने कहा है कि अंबाडा में उसकी भूमि खसरा नंबर 78 में रकबा 0.466 हेक्टेयर है, उसके द्वारा भूमि के सीमांकन के लिए तहसीलदार के पास आवेदन लगाया गया है जिसके सीमांकन करने एवं फील्ड बुक बनाने के लिए राजस्व निरीक्षक ने उससे 25000 की मांग की। भू-स्वामी ने कहा कि उसके द्वारा राजस्व निरीक्षक को 5000 की राशि दी गई जिसके बाद राजस्व निरीक्षक ने जमीन का सीमांकन किया। लेकिन अब राजस्व निरीक्षक के द्वारा फील्ड बुक बनाने के लिए बाकी बची रकम 20000 की मांग की जा रही है। मोहम्मद जिब्राइल ने एसडीएम से फील्ड बुक बनाकर देने एवं राजस्व निरीक्षक के द्वारा ली गई 5000 की राशि वापस करने तथा राशि मांगने को लेकर राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## मराठा समाज मनाएगा शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मराठा साम्राज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस जिला क्षत्रिय मराठा समाज छिंदवाड़ा धूमधाम से मनाएगा। गौरतलब हो कि 6 जून 1674 को मराठा योद्धा शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में हुआ था जहां से उन्होंने हिंदवी-स्वराज की स्थापना की थी। उनके राज्याभिषेक दिवस को जिला क्षत्रिय मराठा समाज छिंदवाड़ा के सदस्य उत्सव के रूप में मनाएगा।



मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि 6 जून शुक्रवार को सुबह नौ बजे स्थानीय नागपुर रोड रोड स्थित शिवाजी चौक छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का 21 लीटर दूध से अभिषेक किया जाएगा वहीं विधि विधान के साथ माल्यापर्णण एवं पूजन किया जाएगा। अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने सभी सामाजिक बंधुओं, मातृशक्ति एवं युवाओं से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने कहा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सांवरी परिक्षेत्र में रोपे पौधे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को साहिल गर्ग, भावसे वन मंडल अधिकारी, पश्चिम वनमंडल छिन्दवाड़ा, बिजेन्द्र खोब्रागड़े, उप वन मंडल अधिकारी परासिया तथा सुश्री कीर्ती बाला गुप्ता वनपरिक्षेत्र अधिकारी सांवरी द्वारा सांवरी परिक्षेत्र प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून के अवसर पर सांवरी वन परिक्षेत्र के प्रांगण में साहिल गर्ग, भावसे वन मंडल अधिकारी, पश्चिम वनमंडल छिन्दवाड़ा द्वारा वन परिक्षेत्र के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को मिशन लाईफ तथा एक पौधा मां के नाम योजना के संबंध में समस्त जानकारी दी गई। आयोजित मीटिंग में समस्त परिक्षेत्र के कर्मचारियों को समय पर पौधा परिवहन कर पौधा रोपण मानसून के आते साथ ही किए जाने एवं कार्य समय पर पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस वर्ष पश्चिम वनमंडल अंतर्गत लगभग 11 लाख पौधा रोपण किए जाने का लक्ष्य है। जिसके अन्तर्गत सागौन, बांस, आंवला, खमेर, हर्रा, शीषम, करंज एवं अन्य प्रजातियों का रोपण किया जाना है। उन्होंने स्टाफ को विभिन्न वन समितियों के बैठक आयोजित कर वृक्षारोपण स्थलों की अवैध चराई एवं मवेषियों से सुरक्षा किए जाने हेतु समझाईश दी। इस अवसर पर उप वन क्षेत्रपाल अजय शिवहरे, वनरक्षक राजेश दाढे, सौरभ सिंह चौहान, ब्रजेश परिहार, अरविंद टांडेकर, पंकज सोनी, रविन्द्र सोनी, शैलेन्द्र वाड़ीवार, कमलेश मालवी, अरुण नागवंशी एवं अन्य स्टाफउपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर की संगोष्ठी, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वातावरण बहुत जरुरी है, बिना स्वच्छ वायु, स्वच्छ जल, स्वच्छ वातावरण के एक अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उक्त आशय की जानकारी देने के लिए 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड क्रमांक 03 खजरी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर प्रचार अधिकरी राम सहाय प्रजापति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायधीश/सचिव राकेश सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागढ़े, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती जानकी लीलारे, इको क्लब के जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी, पर्यावरणविद श्यामलराव, डी.एन. अग्निहोत्री, अशोक मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुश्री सुनीता उगले, सहायिका श्रीमति लता ठाकरे सहित बड़ी संख्या में वार्ड निवासी महिलायें व किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर समस्तजनों द्वारा सहजन, अनार, जाम, निबू एवं अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया, वहीँ जल संरक्षण पर शपथ भी दिलाई गयी। इस अवसर पर राम सहाय प्रजापति ने बताया की पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रति वर्ष 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जल जीवन का मूल स्रोत है और इसे सहेजना बहुत ही जरुरी है। इसी प्रकार से पेड़ों को बचाना भी हमारा कर्तव्य है जिससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ बना रहे।

राकेश सिंह ने बताया की प्रदूषण कई प्रकार से होते हैं जिनसे हमारा वातावरण प्रदूषित होता है और हमारे स्वाथ्य पर विपरीत असर पड़ता है। विजय खोब्रागढ़े ने कहा की प्लास्टिक की थैली भी हमारे वातावरण को दूषित करती हैं और हमें इनके उपयोग से बचना चाहिए। अखिलेश जैन ने कहा की हम यदि समय रहते पौधों का रोपण एवं वनों का संरक्षण नहीं कर पाए तो आने वाली पीढ़ी को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे। विनोद तिवरी, श्यामलराव, जानकी लीलारे, डी.एन. अग्निहोत्री, अशोक मिश्रा एवं उपस्थित जनों ने भी गोष्ठी में अपने अपने विचार रखे, साथ ही सभी से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने का आग्रह किया।

## अंतिम वरिष्ठता सूची नपा में का प्रकाशन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के समस्त पद संवर्गों में कार्यरत नियमित अधिकारी/कर्मचारियों की 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाकर प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर दावे/आपत्ति आमंत्रित की गई थी। उक्त जारी अनंतिम वरिष्ठता सूची के संबंध में दावे आपत्ति प्रस्तुत कर निराकरण की मांग करने वाले कर्मचारियों के प्राप्त दावे आपत्तियों के निराकरण हेतु गठित समिति के समक्ष 20 मई 2025 को निगम सभा कक्ष में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण समिति द्वारा किया गया तदुपरांत वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया है।

# एक लाख 67 हजार राहगीर पिलाया छाछ, साहित्य किया भेंट

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आसारामजी गौशाला खजरी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आम राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु नि:शुल्क छाछ का वितरण किया गया। आयुर्वेद में छाछ एक औषधि पेय है। इसके सेवन से गर्मी से राहत के साथ-साथ पेट के अनगिनत रोगों से भी छुटकारा मिलता है। समिति आम लोगों को स्वस्थ और निरोगी रखने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह सेवा करती हैं। समिति की यह गत 24 वर्षों की सेवा है। जिलेवासियों को वर्ष भर इस सेवा का इंतजार रहता है।



श्री रामनवमी के पावन पर्व से प्रारंभ हुई यह सेवा ग्रीष्म ऋतु के अंत तक जारी रही जिसमें प्रति रविवार बस स्टैंड के अलावा गुरैया सब्जी मंडी, लिंगा बस स्टैंड, हनुमान जयंती, शनि जयंती, महावीर जयंती, अक्षय तृतीया आदि त्योहारो पर भी छाछ वितरीत की। लिंगा आश्रम द्वारा बस स्टैंड पर जल प्याऊ की सेवा और अन्य जगह लगाए गए प्याऊ सेवा जिले भर में चर्चा का केंद्र रहे। समिति द्वारा छाछ सेवन करने वाले आम राहगीरों को आश्रम से प्रकाशित आध्यात्मिक पत्रिका ऋषि प्रसाद भी नि:शुल्क भेंट की।

प्राप्त जानकारी से ज्ञात हुआ है कि छाछ, जल और सत साहित्य सेवा से लग्भग 1 लाख 67 हजार लोगों के लाभांवित होने की खबर है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पशु चिकित्सालय के उप संचालक डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार, डॉ. टांडेकर, जिला पंचायत की सदस्य ललिता घोंगे, जिला अंत्योदय समिति के पूर्व अध्यक्ष विलास घोंगे, सरपंच रूपेश कराड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, खजरी गौशाला के संचालक जयराम भाई, सुभाष इंगले, मुकेश राउत, अशोक कराड़े, नारायण ताम्रकार, शंकर लाल झामनानी, कैलाश राउत, रामराव लोखंडे, गोवर्धन मालवीय, ओमप्रकाश डहेरिया, बबलू सूरज प्रसाद माहोरे, अश्विन पटेल, भूपेश पहाड़े, रामदास भाई गौशाला, निर्मिला पटेल, छाया सूर्यवंशी, डॉ. मीरा पराड़कर, करुणेश पाल, कृष्णा राठौड़, रुपाली इंगले, सुधा ताम्रकार, प्रीति सोनारे आदि ने अपनी अपनी सेवाएं दी।

## अतिक्रमण के दौरान वायर का रखे ध्यान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अतिक्रमण अभियान एक अच्छी पहल है लेकिन तोड़फोड़ करते समय जिओ फायबर, बीएसएनएल और डिक्स तथा बिजली कनेक्शन के वायरों का ध्यान रखा जावे। गत दिनों प्रेस काम्पलेक्स में वायफाय के वायर टूटने से काफी समस्या का सामना करना पड़ा जिओ मुख्यालय में शिकायत करने के बाद दूसरे दिन बामुश्किल सुधार कार्य हुआ।

# ग्राम पंचायत मोहखेड़ में किसानों को कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने उन्नत तकनीकी की दी जानकारी

**मोहखेड़, देशबन्धु।** जिले के विकासखंड मोहखेड़ की ग्राम पंचायत मोहखेड़ में विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान कृषक संगोष्ठी का आयोजन अम्बेडकर भवन में किया गया जिसमें मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष मोहखेड़ कृष्णा डिगरसे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सदन साहू, फ़याज ख़ान, मनोज साहू, अबीर चंद्र साहू के साथ ही आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।

इस अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिक दल के प्रभारी डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों का दल ग्राम पंचायत मोहखेड़ पहुंचा, जिसमें अलग-अलग विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागों की विभिन्न



योजनाओं से कृषकों को जानकारी दी गई एवं वैज्ञानिक डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव द्वारा कृषकों को नवीन तकनीक, नवाचार एवं उन्नत खेती की नवीन तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कृषकों के सवाल-जवाब का कार्यक्रम भी वैज्ञानिकों द्वारा रखा गया, जिसका तुरंत समाधान किया गया। कृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी नीलकंठ पटवारी द्वारा कृषि विभाग में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यानिकी वैज्ञानिक श्रीमती रिया ठाकुर द्वारा सब्जियों की फ़सलों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही जैव उर्वरक, सब्जियों में प्राकृतिक खेती, एकीकृत कीट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

कृषि वैज्ञानिक श्रीमती चंचल भार्गव द्वारा उन्नत किस्मों के बीज, मक्का में फॉल आर्मी वर्म का प्रबंधन, खरपतवार भरु के प्रबंधन संबंधी जानकारी कृषकों को दी गई। साथ ही मंच संचालन के साथ श्रीमती चंचल भार्गव द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के उद्देश्यों एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डी.एस. घागरे, पशुपालन विभाग विकासखंड मोहखेड़ के अधिकारी डॉ. जी.एस. बघेल एवं उद्यानिकी विभाग व कृषि विभाग का मैदानी अमला उपस्थित रहा। आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मोहखेड़ में वृक्षारोपण भी किया गया।




## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया पौधरोपण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के संरक्षण व एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेंद्र साहू, डॉ. मंशाराम उइके और महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्ग दर्शन में महाविद्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक बलराम उइके, शिव सिंह डेहरिया एवं विशाल सलामे के नेतृत्व में वृक्षरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा गुलमोहर, अमलतास, सप्तऋषि, जाम आदि के पेड़ लगाए गए जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर संकल्प विश्वकर्मा, भूमिका धुर्वे, अमित कुमार, विशाल वाडीवा, राजनंदनी उइके, वृंदा डेहरिया, हिना खान, शोभाराम जम्होरे, शिवसिंह डेहरिया, बलराम उईके आदि स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### दमुआ वन परिक्षेत्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम किया रोपित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फॉरेस्ट कैंपस दमुआ में जनप्रतिनिधियों, मीडिया के प्रतिनिधियों, वन स्टाफ एवं आम नागरिकों की उपस्थिति में पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया जहां सभी से वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखरेख तथा सुरक्षा करने की अपील की गई।

### पंचेश्चर हनुमान मंदिर में रामदरबार, शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गांधीगंज पंचेश्वर हनुमार मंदिर में रामदरबार, शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई जिसमें गांधीगंज के व्यापारियों ने भाग लिया व्यापारी मंडल के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं मंदिर निर्माण समीति पूर्णत: सक्रिय रही। यजमान जीतेश अग्रवाल, नवनीत राठी उपस्थित रहे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने भाग लिया।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे पौधे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डी.डी.सी. के एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों द्वारा एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत पीपल, जामुन, नीम, बरगद, अशोक एवं अर्जुन के पौधों का वृक्षारोपण अपने आवासीय परिसर में करते हुए उसे पाल पोस कर संरक्षण का संकल्प लिया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े ने स्वयंसेवकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक नितिन गडकरी, अकलेश विश्वकर्मा, ज्योति उच्चसरे, महिमा यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।





## शासकीय भूमि पर बनाया जा रहा है मकान, की शिकायत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय के ग्राम पंचायत पखड़िया पटवारी हल्का नम्बर 18 रानिम छिन्दवाड़ा-3, ब.नं. 468 में स्थित शासकीय भूमि जो ग्रामीणों के अनुसार छोटे बड़े झाड़ का जंगल दर्ज है में आलीशान मकान बनाया जा रहा है। शासकीय भूमि में मकान बनाते हुए देखकर हल्का पटवारी भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। ग्रामवासियों ने प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार एवं एस.डी.एम. छिन्दवाड़ा सुधीर जैन को भी शिकायत प्रेषित की है ताकि शासकीय भूमि जो छोटे बड़े झाड़ के जंगल में दर्ज है में मकान न बनाया जाए और जांच पड़ताल कर सत्यता के आधार पर जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। इसी प्रकार कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री आवास का भी निर्माण किया है, रजिस्ट्री और भूमि कहीं की है और मकान का निर्माण शहरी क्षेत्र में और कहीं किया गया है इस आवास योजना की भी जांच आयुक्त नपानि से क्षेत्रवासियों ने जांच कराने की मांग की है।



## शिविरार्थियों ने निकाली सर्वोदय अहिंसा रैली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के वीतराग भवन में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा चल रहे जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर के छठवें दिवस 5 जून के शुभ दिन शिविरार्थियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाकर विविध अनुष्ठान आयोजित किए गए।

प्रात:काल का मंगलमय शुभारंभ श्री आदिनाथ जिनालय गोल गंज में श्री जिनेन्द्र पूजन से किया जिसमें सभी 250 शिविरार्थियों ने श्री जिनेन्द्र पूजन कर सर्वोदय अहिंसा रैली में हिस्सा लिया जिसका शुभारंभ सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन द्वारा किया जिनके साथ शिविर निर्देशक पंडित अशोक शास्त्री मांगुलकर राघोगढ़, विदुषी स्वीटी मांगुलकर, अमन शास्त्री आरोन, अशोक शास्त्री एवं अचल शास्त्री उज्जैन, आयुष शास्त्री उदयपुर, ध्रुव शास्त्री भोपाल, प्रतीक जैन कोलकाता, संस्कृति जैन सहित बड़ी संख्या में शिविरार्थी सम्मिलित हुए।

सर्वोदय अहिंसा रैली ने नगर का भ्रमण कर जनमानस को जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ पानी बचाने, वृक्ष लगाने, प्लास्टिक रहित हो शहर अपना सहित स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर छिंदवाड़ा बनाने



का संदेश देकर विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### सर्वोदय अहिंसा सभा का हुआ आयोजन

नगर भ्रमण करते हुए रैली वीतराग भवन पहुंची जहां जहां शिक्षण कक्षाओं के साथ सर्वोदय अहिंसा सभा का आयोजन किया गया जिसमे सभी अतिथि विद्वानों ने शिविरार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाकर जीव रक्षा की अपील की।

इस अवसर पर पंडित विराग शास्त्री जबलपुर द्वारा पानी बचाने, पेड़ लगाने, प्लास्टिक के दुष्परिणाम के साथ शुद्ध आहार शाकाहार पर फिल्म दिखाकर जीव दया की अपील की गई। सभा के अंत में सभी ने जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### आज होगा पुरस्कार वितरण

शिविर संयोजक दीपक राज जैन, वर्षा पाटनी एवं आर्या जैन ने बताया कि आज शुक्रवार 6 जून को शिविर की पूर्णता होगी जिसका शुभारंभ प्रात: 7 बजे श्री आदिनाथ जिनालय गोल गंज में श्री जिनेन्द्र पूजन से होगा पश्चात वीतराग भवन में 8:30 बजे से स्वल्पाहार, 9 बजे से सामूहिक कक्षा, 10 बजे से परीक्षा, रात्रि 7 बजे से श्री जिनेन्द्र भक्ति, 7:45 से सामूहिक कक्षा एवं 8:30 से पुरस्कार वितरण कर आभार प्रदर्शन किया जावेगा जिसमें सकल समाज से सम्मिलित होने की अपील आयोजक मंडल द्वारा की गई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा जिला भाजपा कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरु किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान में देश के नागरिक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। एक पेड़ माँ के नाम संकल्प के साथ रोपे जा रहे ये पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि मातृभूमि तथा मातृशक्ति के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा का पर्याय है। प्रकृति संरक्षण की यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित व स्वस्थ भविष्य की नींव रखेगी। यह बगीचा भी आप सभी के सहयोग से सबसे सुन्दर बगीचा बनेगा। विश्व पर्यावरण दिवस के जिला संयोजक गुरजीत सिंह शंटी बेदी एवं जिला सह संयोजक अलकेश साव एवं अनीश पटेल द्वारा कार्यक्रम संकलन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, श्रीमती कांता ठाकुर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर, पूर्व महापौर श्रीमती कांता सदारंग, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, धर्मेन्द्र मिगलानी, अजय सक्सेना, अलकेश लाम्बा, अनिल गुप्ता, राजेश बैस, दिवाकर सदारंग, संदीप सिंह चौहान, सभापति संजीव रंगू यादव।

## समाजसेवी नरेन्द्र साहू और उनके साथियों ने दोस्तग्राम में लगाया एक पेड़ मां के नाम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** समाजसेवी एवं पूजाश्री ग्रुप के एम.डी. सांसद विवेक बंटी साहू के पिता नरेन्द्र कुमार साहू ने अपने साथियों के साथ नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा क्षेत्र स्थित दोस्तग्राम नामक स्थान ओशो केन्द्र में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत 101 पौधों का रोपण कर क्षेत्रवासियों से उसकी सुरक्षा का दायित्व लेने की अपील की है।



बता दें कि नरेन्द्र कुमार साहू न केवल वृक्षारोपण कर वृक्षों का संरक्षण करते है अपितु उनके द्वारा अपने लॉज परिसर में हजारो की संख्या में पौधे लगाकर नर्सरी के रूप में विकसित कर आमजनों को पौधारोपण के लिए नि:शुल्क वितरण करते है। उनकी सोच है कि पौधा उसी को देंगे जो बताकर ले जाये कि कहां पर जगह खाली है और लगाने के बाद उसकी सुरक्षा की गारंटी लें, अन्यथा पौधा देने से कोई मतलब नहीं है। उनके सहयोगी मुकेश ने बताया कि अब तक 2 लाख 21 हजार पौधों का वितरण जनसामान्य को उनकी मांग पर किया जा चुका है। पौधारोपण में श्री विश्वकर्मा, मुकेश, राममोहन साहू सहित टी क्लब के अन्य साथी सम्मिलित हुए। दोस्तग्राम गाडरवाड़ा के ओशो केन्द्र में लगाए गए पौधों के लिए समाजसेवी नरेन्द्र साहू एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए विश्व पर्यावरण दिवस की भी शुभकामनाऐं दी और पौधों को सुरक्षित रखने का आश्वासन भी दिया है।

## भाजपा के राज में सुरक्षित नहीं है आदिवासी बहन, बेटियां, अत्याचार पर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार का आदिवासी हितैषी मुखौटा उतर चुका है। आए दिन आदिवासी भाइयों व बहनों पर प्रदेश के किसी ना किसी हिस्से में अत्याचार, अनाचार व दुराचार की वारदातों ने कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्वयं मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग है बावजूद इसके प्रदेश की कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। खंडवा जिले के खालवा क्षेत्र में गत दिवास एक 45 वर्षीय आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के उपरांत पीड़ित महिला की मौत भाजपा सरकार के लिए शर्मनाक है। उक्त उदगार आज जिला महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग की महिला नेत्रियों ने जिला कलेक्ट्रेट में ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए व्यक्त किए।



जिला महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि आदिवासी महिलाओं, बहन व बेटियों के साथ दिन प्रतिदिन हो रहे दुष्कर्म, हत्या, शोषण व अत्याचार के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और भाजपा सरकार कुम्भकर्णी नींद में है। सरकार नींद में है इसीलिये अपराधी बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे। घटित होते महिला सम्बंधित अपराधों ने बहन-बेटियों के दिलों में खौफ पैदा कर दिया है। हाल ही में खंडवा जिले के खालवा क्षेत्र में आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और हत्या कर दी गई। इस वारदात ने सम्पूर्ण आदिवासी समाज को झंकझोर दिया है। उक्त वारदात के विरोध में जिला महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आदिवासी समाज की सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**भाजपा की सरकार में सुरक्षित नहीं आदिवासी समाज-** प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से महिला नेत्रियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरकार का ध्यानाकार्षण करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में आदिवासी सुरक्षित नहीं है। भाजपा शासन काल के दौरान आदिवासियों पर सर्वाधिक अत्याचार व अपराध घटित हुए है। यह रिकॉर्ड इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार में आदिवासी किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। इसके पूर्व भी प्रदेश के अन्य जिलों में आदिवासी से सम्बंधित जघन्य अपराध घटित हुए किन्तु प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिनके पास गृह विभाग भी है उन्होंने कोई ठोस कार्रवाई के निर्देश नहीं दिए फ्लस्वरूप आदिवासी शोषित व प्रताड़ित हो रहे हैं। महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग ने प्रस्तुत ज्ञापन में सामूहिक दुष्कर्म व हत्या के अपराधिकयों को तत्काल फांसी देने की मांग की है।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय रेखा उइके, शिवाराव बतेले, सुनीता धुर्वे, दुर्गा इवनाती, दुर्गा सल्लाम, रेणु डेहरिया, शीला उइके, अरूणा तिलंते, रामनारायण परतेती, दशरथ उइके, शिवकुमार सिरसाम, सुरेश कपाले, वैशाखू भलावी, मनोज धुर्वे व स्नेह सरयाम सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग की पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहीं।